तापमान

अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# भिवानी भूमि

रोहतक, गुरुवार 25 जनवरी 2024


11 गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल में दिखी समृद्ध संस्कृति



12 रोडवेज का चक्काजाम, प्राइवेट बसों ने चलाया काम



YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन



राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

₹ 61 करोड़

चेयरमैन स्कॉलरशिप परीक्षा परिणाम घोषित

## जो कहा - वह कर दिखाया

61 करोड़ की स्कॉलरशिप, देश के होनहार बच्चों के नाम,
यदुवंशी ने घोषित किए सच्चाई के साथ परिणाम

- चयनित विद्यार्थी /अभिभावक छात्रवृति के लाभ हेतु सम्बधित यदुवंशी स्कूल में शीघ्र सम्पर्क करें।
- स्कॉलरशिप विद्यार्थी को सम्बंधित स्कूल की कम्पोजिट फीस पर दी जाएगी।
- रविवार 21 जनवरी 2024 को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में 61 करोड़ की राशि आबंटित की गई।

## चेयरमैन स्कॉलरशिप परिणाम

PHASE-I
21st Jan. 2024
₹ 61 Crore

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, MAHENDERGARH

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| XI | 16 | 0 | 15 | 11 | 11 | 67 | 0 | 0 | 0 | 120 |
| X | 10 | 0 | 14 | 0 | 0 | 60 | 0 | 0 | 0 | 84 |
| IX | 0 | 0 | 21 | 0 | 27 | 41 | 158 | 0 | 0 | 247 |
| VIII | 0 | 0 | 16 | 0 | 12 | 74 | 192 | 0 | 0 | 294 |
| VII | 0 | 0 | 24 | 0 | 24 | 118 | 87 | 0 | 0 | 253 |
| VI | 0 | 0 | 12 | 0 | 18 | 67 | 119 | 0 | 0 | 216 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 166 | 0 | 0 | 0 | 179 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 99 | 49 | 0 | 0 | 150 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 33 | 49 | 0 | 0 | 82 |
| II | 0 | 0 | 3 | 0 | 8 | 29 | 0 | 0 | 0 | 40 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 33 | 0 | 0 | 0 | 36 |
| | 28 | 0 | 105 | 11 | 118 | 788 | 654 | 0 | 0 | 1704 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, NARNAUL

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 5 | 0 | 7 | 0 | 15 | 8 | 0 | 0 | 0 | 35 |
| XI | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 165 | 0 | 0 | 0 | 190 |
| X | 0 | 0 | 6 | 0 | 3 | 126 | 74 | 0 | 0 | 209 |
| IX | 0 | 0 | 4 | 8 | 29 | 125 | 252 | 0 | 0 | 418 |
| VIII | 0 | 0 | 6 | 0 | 41 | 304 | 0 | 0 | 0 | 351 |
| VII | 0 | 0 | 8 | 0 | 42 | 358 | 0 | 0 | 0 | 408 |
| VI | 0 | 0 | 3 | 6 | 17 | 320 | 0 | 0 | 0 | 346 |
| V | 0 | 0 | 3 | 4 | 13 | 275 | 0 | 0 | 0 | 295 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 185 | 0 | 0 | 0 | 194 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 142 | 0 | 0 | 0 | 148 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 99 | 0 | 0 | 0 | 99 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 84 | 0 | 0 | 0 | 84 |
| | 5 | 0 | 37 | 18 | 200 | 2191 | 326 | 0 | 0 | 2777 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, SATNALI

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 42 | 19 | 0 | 0 | 61 |
| XI | 0 | 0 | 14 | 0 | 59 | 52 | 0 | 0 | 0 | 125 |
| X | 0 | 0 | 1 | 0 | 12 | 125 | 0 | 0 | 0 | 138 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 0 | 45 | 134 | 0 | 34 | 0 | 213 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 110 | 134 | 0 | 0 | 248 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 90 | 113 | 0 | 0 | 205 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 68 | 101 | 0 | 28 | 204 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 56 | 98 | 24 | 0 | 188 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 100 | 0 | 0 | 130 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 23 | 55 | 4 | 0 | 82 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 79 | 11 | 0 | 0 | 90 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 57 | 0 | 0 | 61 |
| | 0 | 0 | 15 | 0 | 139 | 813 | 688 | 62 | 28 | 1745 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, REWARI

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| XI | 0 | 0 | 7 | 0 | 43 | 0 | 0 | 0 | 0 | 50 |
| X | 0 | 0 | 1 | 11 | 39 | 0 | 0 | 0 | 0 | 51 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 7 | 61 | 0 | 0 | 0 | 0 | 68 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 104 | 0 | 0 | 0 | 104 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 4 | 74 | 10 | 0 | 0 | 0 | 88 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 63 | 0 | 0 | 0 | 63 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 67 | 0 | 0 | 0 | 67 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 0 | 0 | 0 | 32 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 27 | 0 | 0 | 0 | 27 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 27 | 0 | 0 | 0 | 27 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 26 | 0 | 0 | 0 | 26 |
| | 3 | 0 | 8 | 22 | 217 | 356 | 0 | 0 | 0 | 606 |

### Yaduvanshi Shiksha Niketan, GURUGRAM SEC 92

| Class | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% | 50% | 40% | 30% | 20% | Total Sudents |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| XI | 0 | 0 | 2 | 1 | 12 | 25 | 2 | 0 | 0 | 42 |
| X | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 | 11 | 0 | 0 | 0 | 15 |
| IX | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 53 | 0 | 0 | 0 | 57 |
| VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 72 | 0 | 0 | 0 | 79 |
| VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 61 | 17 | 0 | 0 | 78 |
| VI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 42 | 0 | 0 | 74 |
| V | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 52 | 18 | 0 | 0 | 75 |
| IV | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 | 20 | 0 | 0 | 42 |
| III | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 23 | 0 | 0 | 35 |
| II | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 39 | 0 | 0 | 43 |
| I | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 24 | 0 | 0 | 29 |
| | 3 | 0 | 3 | 1 | 32 | 351 | 185 | 0 | 0 | 575 |

## YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
### Scholarship Amount

| PHASE-I 21st Jan. 2024 | PHASE-II 28th Jan. 2024 |
|---|---|
| कुल राशि ₹61 Crore | बकाया राशि ₹35 Crore |

96 करोड़ की स्कॉलरशिप में से 61 करोड़ की स्कॉलरशिप आबंटित करने के पश्चात् शेष 35 करोड़ की स्कॉलरशिप के लिए अगली स्कॉलरशिप परीक्षा

**रविवार, 28 जनवरी 2024**
(प्रातः 10:00 बजे)

Exam Venue: YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN
Thanwas | Sohali | Mandola | Gurugram Sec 33 | Jind
Dhani Mahu | Kanina | Kosli | Hansi

इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थी को 15 फरवरी 2024 से पहले सम्बंधित विद्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

**ADMISSION OPEN 2024-25**
Nursery to XII

Hostel Facility
Boys & Girls

### OUR SCHOOL CAMPUSES

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर : सारसर

**बवानीखेड़ा।** स्थानीय सरकार बिजली का पता नहीं, पानी सप्लाई की शुद्धता सभी जानते हैं, बेरोजगारी व महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है जिसका स्थानीय सरकार कोई इलाज नहीं कर पाई है। कांग्रेस वरिष्ठ नेता दीपेश सारसर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हर घर को रोजगार मिलता था। लेकिन आज उच्च स्तर के विद्यार्थी बेरोजगारी का दंश झेल रहे है।

### नपा ने चलाया बैनर हटाओ अभियान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका सफॅाई कर्मचारियों ने नपा सचिव विनय कुमार के आदेशानुसार बैनर हटाओ अभियान चलाया। जिसको लेकर नपा सफाई कर्मचारियों ने सफाई दरोगा प्रदीप के साथ मिलकर योजना बनाते हुए ट्रैक्टर.ट्रालियों में खंभों पर लगे बैनरों को उतारकर दूर दराज के एरिया में डाला।

### चुनावों में कांग्रेस पार्टी रचेगी इतिहास : रेणू

**बवानीखेड़ा।** लोग केवल चुनावों का इंतजार कर रहे हैं ताकि भाजपा विरोधी नीतियों को वोट की चोट दी जा सके और कांग्रेस पार्टी को फिर से सत्ता पर आसीन किया जा सके। पूर्व जिला पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रेणू बाला ने बताया कि चुनावों में लोग कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं उन्होंने काफी दिनों तक लोगों से उनका हालचाल जाना है।

### बेटी के जन्म पर कुआ पूजन की रस्म अदा की

**बहल।** ओबरा गांव में बेटी के पैदा होने पर खुशियां मनाते हुए कुआ पूजन की रस्म अदा की गई। परिवार की महिलाओं ने खुशी में मंगलगीत गाए व नवजात को बधाई दी। लोगों ने कहा कि ऐसी परंपराओं की शुरूआत से ही समाज में बदलाव आया है और अब बेटे बेटी में कोई फर्क नहीं रह गया है।

### देशभर में भाजपा रच रही इतिहास : उमेश भारद्वाज

**बवानीखेड़ा।** भाजपा सरकार ने सत्ता संभालने के पश्चात ऐसे एतिहासिक कार्य किए हैं जिसकी लोग केवल कल्पना किया करते थे। समाजसेवी एवं भाजपा वरिष्ठ नेताए स्कूल संचालक उमेश भारद्वाज ने कहा कि विपक्षी दल भी मंथन करने लगे हैं कि यदि वे भी अपनी सत्ता में कार्य करते तो उन्हें आज ये दिन नहीं देखने पड़ते।

### बोस ने पूर्ण स्वतंत्रता का समर्थन किया : सांगवान

**चरखी दादरी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारत की पूर्ण स्वतंत्रता का पुरजोर समर्थन किया, इसके विपरीत कांग्रेस कमेटी शुरू में डोमिनियन स्टेटस के माध्यम से चरणों में स्वतंत्रता चाहती थी, बोस लगातार दो बार कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए, लेकिन गांधी व कांग्रेस के साथ वैचारिक टकराव के कारण बोस ने इस्तीफा दिया। बोस गांधी के अहिंसा के दृष्टिकोण के खिलाफ थे, वो मानते थे कि अन्यायी को उसी की भाषा में जवाब देना सही है, ये बात आर्यन कोचिंग सेंटर में नेताजी जयंती पर सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने कही।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में बॉक्सिंग चैंपियनशिप संपन्न

# भिवानी बॉक्सिंग क्लब की महिला मुक्केबाजों ने जीते छह पदक

बीबीसी के छह मुक्केबाजों ने पदक जीतकर राष्ट्रस्तर पर बढ़ाया भिवानी का मान : कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। कोच जगदीश के साथ विजेता मुक्केबाज। फोटो :हरिभूमि

पंजाब के जालंधर की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में गत 19 से 23 जनवरी तक आयोजित हुई महिला वर्ग की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भिवानी बॉक्सिंग क्लब के छह मुक्केबाजों ने बॉक्सिंग खेल में शानदार प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण व तीन कांस्य पदक हासिल कर मिनी क्यूबा भिवानी को गौरवांवित किया है। पदक विजेता खिलाड़ियों का बुधवार को बीबीसी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। क्लब के अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान व मुख्य प्रशिक्षक एवं द्रोणाचार्य अवॉर्डी जगदीश सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम भारवर्ग में सोनिका चहल, 50 किलोग्राम में तमन्ना बेनिवाल व 66 किलोग्राम में पार्थवी ग्रेवाल ने स्वर्ण, 48 किलोग्राम भारवर्ग में अन्नु पांडेय, 50 किलोग्राम में मोनिका मोर व 75 किलोग्राम में श्वेता ने कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि तमन्ना युवा विश्व मुक्केबाजी की पदक विजेता भी रह चुकी है। उन्हें श्रेष्ठ मुक्केबाज के खिताब से भी नवाजा जा चुका है। क्लब के अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान ने बताया कि चैंपियनशिप में विभिन्न 12 भारवर्गों में देशभर की करीबन 350 मुक्केबाजों ने भाग लिया था, जिसमें बीबीसी के छह मुक्केबाजों ने पदक जीतकर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि मिनी क्यूबा भिवानी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से चमकाने का काम किया है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष चंपा देवी, प्रशिक्षक सतीश सांगवान, प्रशिक्षक बंटी पंघाल, प्रशिक्षक कुलदीप, एथलेटिक्स प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद, साई के पूर्व इंचार्ज बृषभान, पूर्व इंचार्ज भूपेंद्र सिंह, विश्व चैंपियन मुक्केबाज नीतू घणघस, ऋषि सांगवान, मुक्केबाज निशा, मोनिका, रिया, प्रिया, रूचिका बेरवाल आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।


कोच संजय श्योराण व प्रीतम दलाल के साथ पदक विजेता मुक्केबाज।

### दिव्या व अंजली ने इंटर बॉक्सिंग में जीते पदक

**भिवानी।** गुरु द्रोणाचार्य कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की दो महिला मुक्केबाजों ने ऑल इंडिया इंटर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दमखम दिखाते हुए अपने भारवर्गों में पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। अकादमी के महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि गुरु द्रोणाचार्य कैप्टन हवासिंग अकादमी की महिला मुक्केबाज दीव्या राजलीवाल ने 81 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत व अंजली ने 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले एवं प्रेदश का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण दिया। हमने जो सफलता हासिल की है, ये सब उनके कोच के उचित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।

# छात्राओं को गुड टच-बेड टच बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। छात्राओं को जानकारी देती जिला बाल संरक्षण कार्यालय की टीम।

संस्कार पब्लिक स्कूल प्रांगण में जिला बाल संरक्षण कार्यालय की टीम ने छात्राओं को गुड टच व बेड टच के बारे में जानकारी दी। अर्चना व उषा सोनी ने बच्चों को अच्छे स्पर्श एवं बुरे स्पर्श के बीच का अंतर समझाया व पोक्सो एक्ट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना होने पर बच्चों को तुरंत अपने माता-पिता, अभिभावक या अन्य किसी विश्वासपात्र व्यक्ति को सूचित करना चाहिए। उन्होंने जघन्य कृत्यों से बचाने के लिए शिक्षकों व स्कूल अधिकारियों की जिम्मेवारी समझाई। विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीम फोस्टर केयर के बारे में भी बताया कि जो बच्चा अनाथ है, किसी बच्चे के पापा को कैंसर या जेल में है, उसे भी विभाग द्वारा आर्थिक सहायता चार हजार रुपये हर महीने दी जा रही है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। मुख्याध्यापिका अर्चना शर्मा ने बेटियों को बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताया कि दुनिया की असली दौलत उसी ने पाई है जिसके घर में लक्ष्मी के रूप में बेटी आई है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का मकसद समाज में बेटियों को लेकर हो रहे भेदभाव को दूर करना और उन्हें बराबरी का दर्जा दिलाना है।

### ठाकुर को भारतरत्न देने पर मनाई खुशी

**भिवानी।** बिहार के दिग्गज नेता एवं संवैधानिक सामाजिक न्याय के प्रखर योद्धा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया जाना उनकी कई वर्षो की मेहनत का परिणाम है, उनको भारतरत्न दिए जाने से वंचितों व उपेक्षित तबको के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा। ये बात कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन के सहसंस्थापक एवं ऑल इंडिया कुम्हार प्रजापति पॉलिटिकल फेडरेशन के फाऊंडर डायरेक्टर रमेश टांक ने कही। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़े वर्गो के हितों की वकालत करने के लिए जाने जाते थे, वे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले बिहार के तीसरे व्यक्ति होंगे।

# सरकार विकास कार्यों के लिए वचनबद्ध : शशि


भिवानी। जीतवानबास के अमृत सरोवर का उद्घाटन करते पूर्व विधायक शशि परमार।

**भिवानी।** मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने बुधवार को फतेहाबाद के गांव डुल्ट गांव से ऑनलाइन माध्यम से हल्का तोशाम के गांव जीतवानबास के अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक शशि परमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तोशाम हल्के में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के लिए ग्रांट की मंजूरी दी है, जिसमें अमृत सरोवर जोहड़ मुख्य है। उन्होंने कहा कि इससे निरंतर घटते जल स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि साफ पानी के तालाबों में गंदा पानी नही जाना चाहिएए इसके लिए ग्रामीणों को ध्यान देना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से साफ सफाई रखने की भी अपील की।

# जजपा पिछड़ा वर्ग की जिला कार्यकारिणी घोषित

**भिवानी।** आगामी चुनाव के मद्देनजर जजपा संगठन को ओर अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व द्वारा जजपा पिछड़ा वर्ग की जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जजपा जिला प्रधान जोगेंद्र सिंह बागनवाला व जजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष मदनलाल जूसवाला ने बताया कि आगामी चुनाव के लिए जजपा पूरी तरह से तैयार है तथा जजपा की नीतियों एवं कार्ययोजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,



दिग्विजय सिंह चौटाला, वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल तंवर, वर्ग के प्रदेश प्रभारी ज्ञानसिंह गुज्जर, प्रदेश संगठन सचिव विजय गोठड़ा के निर्देशानुसार नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारी को बाखूबी निभाएंगे तथा जजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का कार्य करेंगे। भिवानी हल्का प्रधान बबलू प्रजापति, बवानीखेड़ा हल्का प्रधान प्रदीप सैन, तोशाम हल्का प्रधान कृष्ण मास्टर व लोहारू हल्का प्रधान की जिम्मेवारी अजीत यादव को सौंपी गई। वहीं रोहित यदुवंशी को जिला प्रधान महासचिव, संजय सिंह अंबावत व अश्विनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश सैनी को प्रदेश सचिव, अमित जांगड़ा, सतीश जांगड़ा व संजय जोगी को उपाध्यक्ष, सचिन जूसवाला, कुलदीप सैनी, वेदप्रकाश शर्मा, कुलदीप को सहसचिव, सतबीर सपोला व जतिन को प्रचार सचिव, पहाड़ी यादव, महेंद्र यादव, बाली ठेकेदार, सागर, साधुराम को महासचिव, सुनील को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

# कलाकारों ने 'जयमल फते' का किया मंचन

- गांव बापोड़ा में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद की जयंती पर सांग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। जयमल फते सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

जिले के गांव बापोड़ा में हरियाणा कला परिषद से सहयोग से चल रही सात दिवसीय सूर्यकवि पंड़ित लख्मीचंद जयंती के चौथे दिन सांगी वेदप्रकाश अत्री ने पंडित मांगेराम द्वारा रचित जयमल फतेसिंह सांग का मंचन किया, जिसमें दर्शाया कि बीरमदे व मालदे दोनों भाई जोधपुर की रियासत पर राज करते थे, बीरमदे राजकाज का काम देखते थे, अचानक बीरमदे बीमार हो जाते हैं और कुछ समय बाद प्राण छोड़ देते हैं। जब इस बात का पता उसके छोटे भाई मालदे को होता है, मालदे महलो में जाने लगता है। तब मालदे की रानी कहती है आप महलों में जा रहे हो पर अपना हक ले लेना, क्योंकि मुझे लगता है बीरमदे के लड़के जयमल को राजतिलक करेंगे। मालदे कहता ये समय हक मांगने का नहीं है, उधर मेरा भाई मरया हुआ है और मैं हक मांगू, अच्छी बात नहीं पर, रानी जिद कर लेती है। आप तभी वापस आना जब अपना हक लेकर आओ।

### मालदे अपने भतीजे जयमल को मारने के तलाशता है मौके

*मालदे अपने भतीजे जयमल को मारने के मोके तलाशने लग जाता है। ये देख रानी जयमल को अपने मायके आ जाती और अपने भाई को जयमल की परवरिश का जिम्मा देती है। कार्यक्रम में तोशाम से मुख्यतिथि के रूप में अनिल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा सांग हमारी संस्कृति है, इनके अंदर हमारे समाज को भाईचारे का संदेश मिलता है, ऐसे आयोजन समय सयम पर होते रहने चाहिए। सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद समिति द्वारा अनिल शर्मा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कल 25 जनवरी को पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णुदत अपनी प्रस्तुति देंगे।*

### सुनील शर्मा डुडीवाला का जताया आभार

**तोशाम।** क्रेशर संगठन के सदस्यों ने खानक पहाड़ में खनन कार्य दोबारा से शुरू करवाए जाने की मुख्यमंत्री के सामने पैरवी करने के लिए सुनील शर्मा डुडीवाला का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले करीबन 3 महीने से खानक पहाड़ में खनन कार्य पूर्ण रूप से बंद था। जिसको लेकर मजदूर, गाड़ी मालिक, क्रेशर मालिक सहित हजारों की संख्या में खनन कार्य से रोजी.रोटी कमाने वाले लोगों के रोजी.रोटी के लाले पड़ गए थे। अंततः पहाड़ में खनन कार्य शुरू करवाने के लिए क्रेशर मालिकों ने सुनील शर्मा से कहा जिस पर मुख्यमंत्री के सामने बंद पड़े खनन कार्य को दोबारा से शुरू करवाने का आग्रह किया।

# बीएम स्कूल में नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


भिवानी। नेताजी को नमन करते शिक्षक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

गांव लोहरवाडा स्थित बीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भाषण व अंग्रेजी क्विज कंपीटिशन भी आयोजित किए,जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। निर्देशक मंजीत फौगाट ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नेताजी के देश प्रेम, उनके बलिदान, कार्यों, सघर्ष के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य संजीत फौगाट ने बच्चों को आगे बढ़ने तथा देशभक्ति को सर्वप्रथम मानने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को सुभाषचंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया, उनके नारे तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा ने उस समय पूरे देश के नौजवानों के दिलों में क्रांति के प्रति जो ज्वाला जगाई, जिसे ब्रिटिश सरकार हिल गई थी। प्रतियोगिताओं के दौरान विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

### गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल की

**लोहारू।** 26 जनवरी को स्थानीय चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को स्थानीय चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार संजय परासर और बीईओ विजय प्रभा की मौजूदगी में पीटी परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस अंतिम रिहर्सल की गई। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित स्कूल मुखियाओं को आवश्यक निर्देश भी दिए। बता दें कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को लोहारू के चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिसमें दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाई बोस जयंती

- नेता जी की शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला, पुष्प अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हमारा अपना फाऊंडेशन के सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वी जयंती शौर्य दिवस के रूप मे मनाई गई । इस अवसर पर नेहरु पार्क स्थित शहीद स्मारक पर नेता जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर के अनेक पूर्व सैनिकों व गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित किये । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति कर्नल रणधीर सिंह कमांडिंग ऑफिसर 11 एनसीसी बटालियन भिवानी ने नेता जी की शौर्य गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर के भारतीयों को स्वतंत्रता दिलवाने में अहम योगदान दिया है । हमारा देश हमेशा उनके त्याग साहस शौर्य व देश के प्रति समर्पण को सदा सदा के लिए याद रखेगा । इस अवसर पर हमरा अपना फाऊंडेशन के संस्थापक सचिन वर्धमान, सीईओ इस के सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ प्रधान महेश चौहान, देवेंद्र अत्री , ऋतु प्रण ओला, उमेश बंसल , दहेज विरोधी संस्था के प्रधान नेत्रपाल सिंह , पूर्व जी एम , नरेश तंवर ,पूर्व सैनिक श्री राम जांगड़ा ,दिव्यांग गोल्ड मेडलिस्ट रोहित भाखर व राहुल आदि उपस्थित थे ।



### डॉ. मनीषा सांगवान के साथ सालासर धाम पहुंचे चरखी दादरी से दर्जनों कांग्रेसी

**चरखी दादरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में राजस्थान के सालासर धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए कांग्रेस नेताओं का जत्था रवाना हुआ। दादरी से वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. मनीषा सांगवान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बामला टोल प्लाजा पर पहुंचे। यहां पर डॉ. मनीषा सांगवान ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के काफिले में शामिल होते हुए डॉ.मनीषा सांगवान की अगुवाई में सालासर धाम पहुंचे। इस अवसर पर कांग्रेसी नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कांग्रेस पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं ने सालासर धाम पहुंच कर सभी प्रदेशवासियों के मंगल व उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही सभी धमोंर् को मान.सम्मान दिया है। जबकि भाजपा द्वारा भगवान श्री राम के नाम पर केवल राजनीति की गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भाजपा ने केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया है।




### दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**भिवानी।** अयोध्या मे भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर हमारा अपना फाऊंडेशन ने त्रिवेणी धाम मन्दिर, ग्वार फैक्ट्री के पिछे,श्री ओम नाथ के सानिध्य मे दीप महोत्सव का आयोजन किया । मुख्य अतिथि घनश्याम सर्राफ , विधायक भिवानी शहर ने दीप प्रज्जवलित कर के महोत्सव का शुभारंभ किया । उपस्थित जनसमूह को भगवान श्री राम का प्रसाद वितरण किया और मंदिर में सभी श्रद्धालुओ के सवस्थ व उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर हमारा अपना फाऊंडेशन के संस्थापक सचिन वर्धमान, सीईओ एस के सिंह, देवेंद्र अत्री , प्रधान सैनिक प्रकोष्ठ महेश चौहान , आर पी ओला , पठानिया दंपति, आदि मौजूद थे ।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने एड्स जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला द्वारा हंस वाहिनी कला मंच के कलाकारों द्वारा जागरूकता अभियान के पहले दिन बुधवार को बैंक कालोनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला द्वारा हंस वाहिनी कला मंच के कलाकारों द्वारा जिला भिवानी में 24 जनवरी से 8 मार्च तक अलग.अलग स्थानों एवं गावों में नुक्कड़ नाटक करके लोगों को एड्स से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अन्य भीड़ वाले स्थानों व सभी सीएचसी और पीएचसी पर समय.समय पर जागरूकता कार्यक्त्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा लोगों को सुरक्षित यौन संबंधों की जानकारी दी जा रही है। कलाकारों ने नुक्कड़.नाटक के माध्यम से एड्स बचाव के प्रति संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में बताया कि एड्स मुख्य रूप से चार कारणों से होता है। इनमें असुरक्षित यौन संबंधए गर्भ के दौरान मां से बच्चे में जानाए संक्त्रमित खून और संक्त्रमित निडल से एड्स फैलता है।



### हलवासिया विद्या विहार ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के छात्रों ने गत 21 जनवरी को जनसेवा विद्या विहार हाई स्कूल अनाज मंडी द्वारा कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर्विद्यालय कलाकृति प्रतियोगिता करवाई थी, जिसमें हलवासिया विद्या विहार से कला आचार्या बिजयालक्ष्मी व आचार्य मनोज भाटी के नेतृत्व में दसवीं की छात्रा सोनाक्षी, पूर्वा व अदित, नौवी से छात्रा प्रेरणा व छात्र गौरव, सातवीं से निकिता तथा आठवीं से छात्रा इवा ने प्रतिभागिता की, जिसमें दसवीं के अदित ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर पेंटिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान व नौवी के गौरव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।प्रतियोगिता में अन्य सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

**खबर संक्षेप**

## सांसद दीपेंद्र को विवि व कॉलेजों की स्थिति बताई

**भिवानी।** एनएसयूआई के नेता मंजीत लांग्यान के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दिल्ली रवाना हुआ तथा उन्होंने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को भिवानी के विभिन्न कॉलेजों में छाई समस्याओं एवं सीबीएलयू प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही से विद्यार्थियों को होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने में काफी लेत-लतीफी की जाती है।

## रिंकू जोगी बने हलवाई एसोसिएशन के प्रधान

**चरखी दादरी।** हलवाई एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। जिला हलवाई एसोसिएशन की कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर बैठक में प्रधान पद के लिए रिंकू जोगी का नाम पेश किया,जिसके उपरांत सर्वसम्मति से रिंकू जोगी को प्रधान नियुक्त किया। रिंकू ने अपने प्रधान पद की शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## शराब की भट्टी पकड़ी कच्चा लाहन बरामद

**लोहारू।** लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हलके के गांव बड़्दु चैना के एक खेत में शराब की अवैध कच्ची भट्टी पकडऩे में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने मौके से पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गांव बड़्दु चैना के एक खेत में अवैध रूप से भट्टी चलाकर कच्ची शराब बनाने की गुप्त सूचना मिली।

## नपा सफाई कर्मचारियों ने सचिव को सौंपा ज्ञापन

**बवानीखेड़ा।** नपा सचिव विनय कुमार को समान काम.समान वेतन का लाभ व एरियर देने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में सफाई प्रधान दिलबाग सिंह, जिला सचिव ऋषि, कर्मचारी प्रदीप, पिंकी, सुमन, अजीत, सुरेन्द्र, गीता, आशू, ईश्वर आदि ने बताया कि नपा के आधीन 19 सफाई कर्मचारी पालिका रोल पर कार्यरत है। हरियाणा में अधिकतर पालिकाओं में नियुक्ति की तिथि से समान काम.समान वेतन का लाभ दिया जा चुका है।

## सांसद धर्मवीर के पिता को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के 94 वर्षीय पिता भल्लेराम के निधन पर अनेक सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सांसद के भिवानी निवास स्थान पर पहुंच शोक व्यक्त किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, सांसद रमेश कौशिक,पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सांसद के पिता भल्लेराम सरल हृदय के व्यक्ति थे। उन्होंने सादा जीवन को प्राथमिकता दी।

## पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को किया नमन

**भिवानी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर बुधवार को सेवा नगर स्थित सैनी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा केंद्र सरकार द्वारा उन्हें भारतरत्न देने की खुशी में मिठाई भी वितरित की। इस मौके पर कैश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सुरेश सैन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सच्चे समाजवादी थे।

## समाज का नेतृत्व करेंगी महिलाएं : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि महिलाओं ने न सिर्फ घर-समाज की दहलीज को लांघा है, बल्कि अब वे अधिकारों की वकालत करते हुए अपने सामर्थ्य से समाज से शासन तक अपनी उपस्थिति प्रमुखता से दर्ज करवा रही हैं। अब समाज का नेतृत्व महिलाएं करेंगी। एसडीएम दलाल बुधवार को आरोही मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।



## एडीसी अनुपमा ने ध्वजारोहण कर एसपी सिंगला के साथ किया परेड का निरीक्षण

# गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल में दिखी समृद्ध संस्कृति और विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्षय में होने वाले जिला स्तरीय समारोह की बुधवार को भीम खेल स्टेडियम में अंतिम रिहर्सल हुई। अंतिम रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि मुख्यतिथि के रूप में पहुंची और राष्ट्रगान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया। एडीसी अंजलि ने एसपी वरूण सिंगला के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति व देश की विभिन्नता में एकता का संदेश संजोए शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। रिहर्सल में एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा व नगराधीश हरबीर सिंह मौजूद रहे। स्टेडियम से पहले एडीसी अंजलि नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात स्टेडियम में पहुंचकर दस बजे राष्ट्रीय गान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद एडीसी ने एसपी सिंगला के साथ परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण किया। अंतिम रिहर्सल में परेड की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्र ध्वज को सलामी दी।

इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़, जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान, डीएसपी रमेशचंद्र, डीईओ नरेश महता, डॉ. जगबीर मान, सीआईडी इंचार्ज सुनील कुमार के अलावा विभिन्न स्कूलों के बच्चे व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### विभिन्न स्कूलों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

अंतिम रिहर्सल में हलवासिया विद्या विहार स्कूल, केएम पब्लिक स्कूल, वैश्य मॉडल स्कूल, सेंट जेवीयर्ज हाई स्कूल, टीआईटी स्कूल, राजकीय कन्या वमा विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अपनी प्रस्तुतियों में बच्चों ने देश की समृद्ध विरासत, विभिन्नता में एकता लिए हमारी संस्कृति को दर्शाया तथा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी।



भिवानी। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

## गणतंत्र दिवस की हुई फाइनल रिहर्सल एसडीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बुधवार को चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल की गई। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहले शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया। इसके बाद खेल परिसर में समारोह में तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। उन्होंने समारोह को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समारोह में बवानीखेड़ा के विधायक विशंबर वाल्मीकी मुख्यतिथि होंगे। फाइनल रिहर्सल में परेड में सभी टुकड़ियों ने भव्य मार्चपास्ट में हिस्सा लिया तथा एसडीएम दलाल ने परेड टुकड़ियों की सलामी ली, इनमें बनवारीलाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय ब्वॉज व गर्ल्स विंग, संगम वमा विद्यालय ब्वॉज व गर्ल्स, राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय ब्वॉज व गर्ल्स विंग, आरोही मॉडल वमा विद्यालय ब्वॉज व गर्ल्स विंग, पीएस नवयुग वमा विद्यालय व मेगा माइंड वमा विद्यालय की टुकड़ी शामिल रही, जिन्होंने कदम से कदम मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में न्यू एरा पब्लिक स्कूल खरकड़ी सोहान, आरोही मॉडल विद्यालय, आदर्श वमा विद्यालय, जिंदल पब्लिक स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय, मेगा माइंड वमा विद्यालय व पीएस नवयुग वमा स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीटी प्रदर्शन, लेजियम व डंबल शो की बहुत ही शानदार तरीके से प्रस्तुती दी।



भिवानी। अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम दलाल।

### परेड की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट कर तिरंगे को किया सलाम

अंतिम रिहर्सल में परेड की टुकड़ियों ने डीएसपी लोहारू अशोक कुमार के नेतृत्व में जोरदार मार्च पास्ट किया। सभी टुकड़ियों ने मंच के सामने से गुजरते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी, जिसमें एएसआई अमरजीत की अगुवाई में हरियाणा पुलिस पुरुष, पीएसआई काफी की अगुवाई में महिला पुलिस, एचसी ज्ञानेंद्र दहिया की अगुवाई में होमगार्ड, अंडर ऑफिसर राहुल की अगुवाई में एनसीसी सीनियर डिवीजन लड़के व अंडर ऑफिसर कशिश जैन की अगुवाई में एनसीसी लड़कियां, मंदीप की अगुवाई में एससीसी जूनियर डिवीजन, सागर के नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप लड़के, रचना की अगुवाई में चंद्रशेखर आजाद से लड़कियों की टुकड़ियां शामिल रही। रिहर्सल में पीटीआई विरेंद्र सिंह की अगुवाई में राजकीय कन्या वमा विद्यालय, हलवासिया स्कूल, केएम पब्लिक स्कूल, आर्यन स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, उतमीबाई कन्या स्कूल, पंडित सीताराम स्कूल, टीआईटी स्कूल के विद्यार्थियों ने पीटी, डंबल व लेजियम का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### झांकियों में दिखेगी विकास की तस्वीर

समारोह में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, डीआरडीए, जनस्वास्थ्य, बिजली निगम, डीईओ व डीईईओ, महिला एंव बाल विकास, पशुपालन, अग्रणी बैंक प्रबंधक-पीएनबी, हरियाणा प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण/ यातायात पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की झांकियों शामिल होंगी, जिनमें सबसे बेहतरीन प्रर्दशन करने वाली झांकी को सम्मानित किया जाएगा।



भिवानी। फाइनल रिहर्सल के दौरान मंचासीन अतिथि।

## गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त ने किया ध्वजारोहण



चरखी दादरी। फाइनल रिहर्सल में परेड का निरीक्षण करती उपायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

गणतंत्र दिवस समारोह की बुधवार को हुईफाइनल रिहर्सल में उपायुक्त मनदीप कौर ने ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम के बाद समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और समारोह को भव्य व गरिमा के साथ आयोजित करने के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त मनदीप कौर ने नई अनाजमंडी में पहुंचने से पहले रोज गार्डन स्थित शहीद स्मारक पर

### बाढ़ड़ा में एसडीएम ने परेड की ली सलामी

बाढड़ा की अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस को लेकर पूर्वाभ्यास किया, जहां एसडीएम सुरेश कुमार ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया और स्कूली बच्चों ने पीटी, डंबल्ल व लेजियम शो की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान जीजीएसएसएस बाढ़ड़ा, कन्या गुरुकुल पंचगांव, जीआरएम स्कूल गोविंदपुरा व अरावली पब्लिक स्कूल कादमा की टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### शहीद स्मारक को सजाने का आह्वान किया

नप अधिकारियों से शहीद स्मारक को 26 जनवरी को फूलमालाओं व गमलों आदि से सजाने का आह्वान किया। समारोह में सांसद सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद उपायुक्त ने समारोह स्थल नई अनाज मंडी परिसर में ध्वजारोहण किया तथा पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के साथ मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। डीएसपी सुभाषचंद्र के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस के जवानों व महिला पुलिसकर्मियों, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स ने कदम से कदम मिलाते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी। एनसीसी में जनता कॉलेज, वैश्य कन्या वमा विद्यालय, राजकीय कन्या विद्यालय ढाणी फौगाट, मॉडल संस्कृति स्कूल दादरी, राजकीय कन्या विद्यालय दादरी, वैश्य विद्यालय और एपीजे कॉलेज के लड़के व लड़कियां शामिल थी। विद्यार्थियों ने पीटी, लेजियम व डंबल शो की प्रस्तुति दी। वहीं राजकीय कन्या वमा विद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय, आरपीएस मिसरी, सर्वोदय स्कूल इमलोटा, आदि स्कूल की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सचिन ने जीता रजत पदक



**चरखी दादरी।** गांव बिगोवा स्थित भगत सिंह मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थी सचिन ने नेशनल स्कूल बॉक्सिंग अंडर-19 प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपने स्कूल, क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। छात्र सचिन ने हरियाणा में अंडर-19 बॉक्सिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्पन्न हुए 67 नेशनल स्कूल बॉक्सिंग में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। सचिन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को धूल चटाई और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वाइस प्रिंसपल वीणा कुमारी व स्टाफ सदस्यों ने सचिन को स्कूल में पुरस्कृत किया। सचिन ने अपने वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल प्राप्त करने के साथ साथ खेलों इंडिया प्रतियोगी में चयनित होकर दोगुनी खुशी दी है। इस अवसर पर डायरेक्टर बिजेन्द्र धनखड़, सुखबीर मलिक, बलजीत डीपीई, कोच संजय सहरावत, बबीता देवी, प्रदीप चौहान, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

## भारत में दिव्यांग टीम रचेगी इतिहास

- भारत में पहुंची इंग्लैंड की टीम का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बीसीसीआई के आशीर्वाद से भारत में डीसीसीआई के बैनर के नीचे भारत और इंग्लैंड के बीच में '20 मुकाबले 28 जनवरी से 6 फरवरी तक रहेंगे। जिसको लेकर भारत में आज इंग्लैंड की दिव्यांग टीम पहुंच गई है, जिसका गुजरात के अहमदाबाद में डीसीसीआई के पदाधिकारियों के द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया है।

इस बारे में बोलते हुए भिवानी से पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि भारत में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह इतिहास रचा गया है कि भारत में पहली बार इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम पहुंची है ।

यही भारत में इंग्लैंड की सामान्य खिलाड़ियों की टीम पहुंची हुई है। जिनका कल से देश में टेस्ट मैच मुकाबले रहेंगे और वहीं दूसरी तरफ से 28 जनवरी से 6 फरवरी तक के भारत के अहमदाबाद में इंग्लैंड और भारत की दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच में ऐतिहासिक मुकाबले रहेंगे। कहा कि 2019 में भी इसी प्रकार का संयोग बना था कि भारत की सामान्य टीम इंग्लैंड में खेलने के लिए गई हुई थी और जो हार कर देश लौटी थी और वही हमारी भारत की दिव्यांग टीम वहां खेलने गई थी और पांच देशों की टीमों को हरा कर विश्व चैंपियन बनी थी।

उन्होंने कहा कि वैसा ही संयोग अब देश में फिर बना है कि इंग्लैंड की सामान्य खिलाड़ियों की टीम और दिव्यांग खिलाड़ियों की टीम भारत में पहुंची हुई है ।

पीसीसीएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच में महा मुकाबला रहेगा ।



भिवानी। क्रिकेट टीम का स्वागत करते हुए।

## किसानों को रुपये दिलवाने की बजाय धरना समाप्त करवाना चाह रहे अधिकारी : कुंगड़



**बवानीखेड़ा।** गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई बैंक के पूर्व मैनेजर द्वारा सैंकड़ों किसानों के खातों से की गई करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के विरोध तथा खातों से निकाले गए रुपये वापस लेने की मांग को लेकर अन्नदाता पिछले 22 दिनों से धरनारत्त है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी व बैंक प्रशासन किसानों को उनका रुपये वापस दिलवाने की बजाय धरना समाप्त किए जाने का दबाव बना रहे है, ताकि ये मामला दबाया जा सके, लेकिन जब तक किसानों को उनके रुपये वापस नहीं मिल जाते, वे धरना खत्म नहीं करेंगे। ये बात ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने बुधवार को गांव कुंगड़ में धरनारत्त किसानों को संबोधित करते हुए कही। बुधवार को किसानों का धरना 22वें दिन भी जारी रहा तथा धरने की अध्यक्षता छोटा पाना प्रधान बलजीत ने की तथा संचलान मोर्चा बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने किया। चांदीराम ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों व बैंक प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द किसानों से धोखाधड़ी से लूटे गए रुपये उन्हें वापस करवाएं, ताकि किसान अपनी खेती-बाड़ी के कार्य में जुट सकें।

### देशभर से चुनिंदा कैडेट्स में शामिल होगी महक

# बीरण की बेटी राजपथ पर दिखाएगी जौहर

- महक योगा व पोलवॉल्ट की नेशनल, मां अंतरराष्ट्रीय व बहन भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/तोशाम

खेल नगरी के नाम विश्वभर में विख्यात भिवानी जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, पिछले कुछ वर्षो में खेल प्रतिभओं ने विश्व स्तर पर प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं। जिला अब सिर्फ खेल नगरी ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में प्रगतिशील है। अब यहां के बेटे-बेटियां खेल के साथ-साथ पढ़ाई, फैशन, शो, डांस, बैंड, परेड आदि में भी आगे बढ़ रहे है।



भिवानी। गांव बीरण की बेटी महक सहारण।

इसी कड़ी में गांव बीरण के धीरू सहारण की बेटी महक सहारण 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली राजपथ पर आयोजित परेड दल में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाएगी। गांव बीरण के सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह ने बताया कि बेटी महक की उपलब्धि ने न केवल गांव, बल्कि जिलवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। महक न केवल गणतंत्र दिवस पर दिल्ली राजपथ पर परेड में शामिल होगी, बल्कि सांय को पीएम की रैली में भी शामिल होगी। इस परेड के देशभर से करीबन 300 एनसीसी कैडेट्स को चुना जाता है तथा देश के टॉप कैडेट में महक का चुना जाना ग्रामीणों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि महक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है, जिन्होंने खेल व देशसेवा के चलते गांव में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं उनकी माता संतोष योगा की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।

### महक के दादा व पिता आर्मी से सेवानिवृत

महक के दादा स्वर्गीय रणबीर सहारण तथा पिता धीरू सहारण आर्मी से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त है। वहीं महक की बहन खुशबू भी तीरंदाजी की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है। महक फिलहाल रोहतक के जाट कॉलेज में बीएसई स्पोर्ट्स साईंस की अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह योगा व पोलवॉल्ट की नेशनल खिलाड़ी भी है। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि महक की उपलब्धि अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए सभी करें प्रोत्साहित : चरणदास



**भिवानी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हनुमान ढ़ाणी स्थित स्कूल में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मुख्याध्यापक श्याम सुंदर शर्मा ने की। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत साल 2008 में की गई, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने एवं उनके सशक्तिकरण व मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना था। उन्होंने बालिकाओं के सामने आने वाली असमानताओं को उजागर करने और उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व सहित जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बालिका दिवस पर अपनी बेटी, बहन या आसपास की बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। महंत चरणदास ने कहा कि आज बेटियां, बेटों के मुकाबले हर क्षेत्र में परिजनों को गौरवांवित कर रही है।

## श्रमिकों के लिए विशेष सेल का किया गठन : सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी की अध्यक्षता में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं योजनाए 2015 के संबंध में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में श्रम विभाग,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। सीजेएम कपिल राठी ने बताया कि श्रमिकों की समस्याओं और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए छह महीने तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में स्पेशल सेल का गठन किया गया है जिसमें डीएलएसए के पैनल एडवोकेट और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को शामिल किया।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं ने मचाई युवा महोत्सव में धूम

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा 16 से 18 जनवरी तक प्रेमनगर स्थित तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण जिले के महाविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत 37 इवेंट करवाए, जिन में चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। प्राचार्य डॉ. मंजीत ने छात्रों को बधाई दी।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन आज

**भिवानी।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को आदर्श महिला महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश हरबीर सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। नए मतदाताओं को उनके मत पहचान पत्र दिए जाते हैं।

### स्वामित्व योजना के लिए 31 तक कर सकते हैं दावे

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आमजन की भू-सम्पत्तियों की रजिस्ट्रियों का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटियों, विवादों के विवरण के लिए पोर्टल को 31 जनवरी तक खोला है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लाल डोरा के अन्दर की भू-सम्पत्तियों का मालिकाना हक देने को स्वामित्व योजना चलाई है। इसके अन्तर्गत आमजन की भू-सम्पत्तियों की रजिस्ट्रियों का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटियों के विवरण के लिए 31 जनवरी तक आवेदन करें।

# रोडवेज का चक्काजाम, प्राइवेट बसों ने चलाया काम, निजी वाहन चालकों ने काटी चांदी

**मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी रहे हड़ताल पर और नागरिकों को उठानी पड़ी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/दादरी/तोशाम

■ वर्कशॉप के बाहर पुलिस बल रहा मौजूद

लंबित मांगों को लेकर बुधवार को रोडवेज कर्मचारी हड़ताल पर रहे। सुबह सवेरे पांच छह बसें निकाली, लेकिन बाद में कर्मचारियों के धरने पर बैठने के बाद रोडवेज बसें गंत्तव्य के लिए रवाना नहीं हो पाई। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि निजी बसें गंत्तव्य तक चली, लेकिन दूर दराज के क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रोडवेज की हड़ताल के चलते निजी वाहन चालकों ने चांदी काटी। उन्होंने यात्रियों से मनमाफिक किराया वसूला। पूरे दिन यात्री कभी ईधर तो कभी उधर घुमते नजर आए।

हड़ताल की सूचना के बाद सुबह चार बजे रोडवेज के वर्कशॉप के समक्ष भारी पुलिस बल पहुंच गया। सुबह सवेरे दिल्ली, मथुरा, गुरुग्राम व चंडीगढ़ के लिए बसों को रवाना किया,लेकिन उसके बाद रोडवेज कर्मचारी पहुंचने लगे और कर्मचारी वर्कशॉप के बाहर धरने पर बैठ गए।



**भिवानी।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी।

उसके बाद एक भी बस कहीं के लिए रवाना नहीं हुई। अन्य जिलों से पहुंचने वाली एक-दो बसें भी बस स्टैंड के भीतर आने की बजाए बाहर से ही निकल गई। शाम चार बजे तक इसी तरह की व्यवस्था बनी रही। उसके बाद कुछ बसें गंत्तव्य के लिए रवाना हुआ। दूसरी तरफ रोडवेज बसें न चलने की वजह से प्राइवेट बसें निर्धारित रूटों पर बसें चली। अन्य दिनों की अपेक्षा निजी बसों ने गंत्तव्य तक कई चक्कर लगाए। निजी बसों में पैर रखनेलायक भी जगह नहीं बची। पूरे दिन यही स्थिति रही। दूसरी तरफ रोडवेज की हड़ताल के चलते रेलगाड़ियों में भी लोगों ने सफर किया। रेलवे स्टेशनों पर भी लोगों की भीड़ नजर आई।

### निजी वाहनों को फायदा

रोडवेज बसों की हड़ताल के बाद निजी वाहन चालकों ने चांदी काटी। बस स्टैंड के बाहर कार व अन्य छोटे वाहन चालकों ने गुरुग्राम, दिल्ली, हिसार, सिरसा, जींद, कैथल व चंडीगढ़ के लिए सवारी बैठाई। इस दौरान उक्त वाहन चालकों ने यात्रियों से मनमाफिक किराया वसूल किया। कई वाहन चालकों ने तो लोगों से दोगुना से ढाई गुणा तक किराया लिया। हालांकि यात्रियों ने विरोध किया,लेकिन हड़ताल के चलते उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था। जिसके चलते लोगों ने उन द्वारा मांगा गया किराया दिया।



**भिवानी।** रोडवेज की हड़ताल के बाद बूथों लगी निजी बसें।

### कर्मचारी नेता ये बोले

राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, ओमप्रकाश ग्रेवाल उपमहासचिव, पवन शर्मा , राज्य कैशियर जय प्रकाश चौहान ने बताया रोडवेज कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति सरकार गंभीर नहीं। परिवहन मंत्री व रोडवेज के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता के बावजूद भी कर्मचारियों की मांगों को जायज मानते हुए भी लागू नहीं किया जा रहा है । इसलिए पूरे प्रदेश के रोडवेज कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष है । वायदाखिलाफी ही नहीं बल्कि धोखा किया है, अर्जित अवकाश कटौती पत्र वापसी लेकर भी दोबारा से अर्जित अवकाश में कटौती लागू कर दी। परिचालकोंए लिपिकों व चालकों के वेतनमान की फाइल रद्दी की टोकरी में डाल दी। विभाग में पक्की भर्ती करने की बजाय कौशल रोजगार निगम से कच्ची भर्ती कर विभाग को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है। जोखिम भत्ता देने से साफ इंकार कर दिया। 2016 में भर्ती चालकों को पक्का करने से इन्कार व 1992 से 2004 के मध्य लगे कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने से इन्कार कर दिया।

### तोशाम में भी सफल रही हड़ताल

बुधवार को तोशाम में हरियाणा रोडवेज का पूर्ण रूप से चक्का जाम सांझा मोर्चा के नेतृत्व में सफल रहा। सांझा मोर्चा के नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है और बात नहीं कर रही है। उनका कहना था कि आज का सांकेतिक चक्का जाम सरकार को चेताने के लिए है। यदि सरकार समय रहते नहीं चेती तो कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे।

### दादरी में धरने पर बैठे कर्मचारी


हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आहवान पर अपनी लंबित मांगों के लिए कर्मचारियों की हड़ताल का दादरी का दादरी में भी अच्छा खासा असर रहा। सुबह लम्बे रूट की बसों को छोड़कर दिनभर हड़ताल का असर रहा। बुधवार सुबह ही यूनियन के पदाधिकारी व कर्मचारी डिपो परिसर में धरना देकर बैठ गए। बुधवार सुबह से ही दादरी रोडवेज डिपो परिसर में चक्का जाम हो गया। अलसुबह कुछ लंबे रूटों के बसों को कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने निकाला था। मगर इसके बाद कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया। कुछ रूटों पर दिनभर निजी बसों का संचालन जरूर रहा। कर्मचारियों ने डीपी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेता रणबीर अहलावत ने कहा कि पिछले कई सालों से कर्मचारी सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं।

# सीएम ने छह अमृत सरोवर का किया उद्घाटन

■ विधायक सोमबीर सांगवान ने निभाई औपचारिकताा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के छह गांवों को अमृत सरोवर की सौगात मिली है, बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंस से इन तालाबों का उद्घाटन किया। विधायक सोमबीर सांगवान ने लघु सचिवालय में औपचारिक तौर पर उद्घाटन को सम्पन्न किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनदीप कौर विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम के बाद विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से हर क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक सोच के साथ लगातार काम किया जा रहा है। सरकार प्रत्येक मामले में लोगो को सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है।



**भिवानी।** अमृत सरोवर का उद्घाटन करते विधायक सोमबीर सांगवान।

इसी कड़ी में सरकार की ओर से अमृत सरोवर, अमृत सरोवर प्लस व अमृत सरोवर प्लस प्लस की योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत तालाबों को साफ किया गया है। वहां पर लाइट, पेड़ लगाए गए है और घूमने के लिए रास्तों का निर्माण भी किया गया है। इस काम को ओर आगे बढ़ाते हुए तालाबों को मछलीपालन के लिए किराए पर देने की योजना है, ताकि गांव की आमदनी हो सके। प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क के साथ हर दिशा में काम कर रही है। इसका नतीजा है कि पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिले के भोपाली, चरखी, घिकाड़ा, डोहका हरिया, जगरामबास व रानीला में तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इन तालाबों के कार्य पर लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च हुए है। उन्होंने बताया कि भोपाली में लगभग 30 लाख, जगरामबास में लगभग 18 लाख, चरखी में लगभग 65 लाख, डोहका हरिया में लगभग 208 लाख, रानीला में लगभग 19 लाख व घिकाडा में लगभग 49 लाख रुपये खर्च किए गए है।

# कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने सौंपा ज्ञापन

■ मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने एसडीएम के माध्यम से मुख्य प्रधान सचिव व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष पवन कौशिक ने बताया कि बुधवार को प्रदेश के सभी एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजकर डीआईटीएस में कार्यरत 2768 कर्मचारियों की मांगों के प्रति सकारात्मक कदम उठाने की मांग की।



**भिवानी।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सदस्य।

कौशिक ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ मांग करता है कि डीआईटीएस का केन्द्रियकरण कर बजट का प्रावधान किया जाए, सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जित किए जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में शामिल करने, केटेगिरी/पद अनुसार समान काम समान वेतन देने, डीआइटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने, डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को राजस्व विभाग में समायोजित करने की मांग की गई। इस मौके पर जिला मंत्री गुरदीप सिंह राठी, विनोद, ढ़ाणा गोवर्धन, ममता, ज्योति, अशोक पूनिया व मनोज ढ़ाणा मौजूद रहे।

# 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 15 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ.वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने संयुक्त रूप से बताया कि विद्यालयी स्तर पर ली जाने वाली कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 15 फरवरी से आरम्भ होंगी। इन परीक्षाओं का तिथि.पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 07 मार्च तथा कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से आरम्भ होकर 14 मार्च तक संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि दोनों कक्षाओं की परीक्षा का समय एक ही सत्र में प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय की फरवरी व मार्च.2024 में संचालित होने वाली परीक्षाओं का तिथि पत्र पहले जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी के तिथि पत्र में कुछ संशोधन किया गया है। अब 30 मार्च को संचालित होने वाली संस्कृत साहित्य वेद सिद्धांत आर्ष पद्धति गुरूकुल व संस्कृत साहित्य वेद सिद्धांत परम्परागत संस्कृत विद्यापीठ विषय की परीक्षा 16 मार्च, 2024 को संचालित करवाई जाएगी।

# वाल्मीकि ने किया गली का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक बिसम्बर वाल्मीकि बुधवार को गांव कलिंगा पहुंचे। विधायक वाल्मीकि ने सरपंच सोनू शर्मा को साथ लेकर गांव में बन रही गली का औचक निरीक्षण किया और निर्माण सामग्री के बारे में जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक वाल्मीकि ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि गांव का भी शहरों की तर्ज पर विकास हो। इसी के चलते गांवों में ई.लाइब्रेरी, व्यायामशाला, बड़े गांवों में सीवरेज सिस्टम और फिरनियों पर लाइट लगाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ.साथ प्राथमिकता के आधार पर गांवों में गलियों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री में सही गुणवत्ता को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। विधायक ने कहा कि विकास कार्योंं के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है। विकास कार्योंं में किसी प्रकार के भ्रष्टाचार और कोताही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरपंच सोनू शर्मा और ग्राम पंचायत कलिंगा को बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया और सभी पंचायतों को अपने यहां बिना भेदभाव और भ्रष्टाचार के विकास कार्य करवाने का संदेश दिया।



**भिवानी।** गली का निरीक्षण करते विधायक बिसम्बर वाल्मीकि।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान धामण खाप के प्रधान ऋषिपाल सिंह, स्वाई पाना के सरपंच रणबीर उर्फ धीरा सिंह, पूर्व सरपंच रामभूल, मंडल अध्यक्ष अशोक खलेरा, बोका चांग, सुरेश बागड़ी चांग, भगवत प्रधान चांग, पूर्व सरपंच ओमल परमार, सैतान सिंह परमार, टिंकू परमार, रामचंद्र प्रजापत, अमित परमार, पंडित हरिओम,डॉ. राजमोहन परमार, राजमोहन नम्बरदार, राजकुमार परमार, बीर सिंह पंच, रामकिशोर पंडित, राजेश उर्फ रज्जन सिंह, अंकित परमार नंदू परमार व आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गोशालाओं का सम्मान करेगा बीपीएमएस

**भिवानी।** गणतंत्र दिवस पर लाला गोपीनाथ गोयल, सावित्री देवी व दीपक गोयल की स्मृति में भिवानी की गोशालाओं का भिवानी परिवार मैत्री संघ अभिनंदन व सम्मान करेगा। संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन व आयोजक परिवार के सदस्य नवल किशोर गोयल, संजूलता गोयल, रीषू गोयल ने बताया कि 26 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 9 बजे गोपीनाथ फॉर्म जीटी करनाल रोड दिल्ली में भारत माता पूजन, गोपूजन, गोशालाओं का अभिनंदन व वनभोज का आयोजन किया जाएगा। चेतन ने बताया कि इस मौके पर श्रीकृष्ण कुमार गुप्ता स्मृति में विशाल मेडिकल कैंप एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में देशभक्ति गीत, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि, नुक्कड़ नाटक, लक्की ड्रा व अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

# फोरम ने स्पाइसजेट पर लगाया 66 हजार जुर्माना

■ बुक की गई टिकटें अचानक रद करने पर दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी कंज्यूमर फोरम ने अधिवक्ता मुकेश गुलिया की शिकायत पर हवाई जहाज कंपनी स्पाइसजेट पर बिना बताए यात्रा टिकट कैंसिल करने पर 66 हजार हर्जानें के तौर पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से देने के आदेश जारी किए है। बता दें कि अधिवक्ता गुलिया ने 9 जून को शिरडी जाने के लिए तथा 11 जून को शिरडी से वापस आने के लिए अपने परिवार, दो दोस्त वीरेंद्र और सुनील व उनके परिवार के लिए 11 टिकट मांझी टूर द्वारा स्पाइसजेट कंपनी से बुक किए थे। कंपनी ने बिना कोई कारण बताए 11 जून वापसी की टिकट कैंसिल कर दी तथा रुपये भी पूरे वापस नहीं किए। एडवोकेट गुलिया ने बताया कि उस वक्त वापिस आने के लिए टिकट भी 28 हजार रूपए महंगी हुई व एक दिन ज्यादा रुकना पड़ा तो होटल एवं खाने के रुपये भी बढ़ गए।

इस पर अधिवक्ता गुलिया ने कंज्यूमर फोरम में याचिका दायर की। फोरम ने कंपनी की लापरवाही को मानते हुए हर्जानें के तौर पर 50 हजार 502 रुपये मानसिक आघात लगने पर 10 हजार रुपये तथा 5500 मुकदमा फीस के तौर 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने के आदेश दिए है। उन्होंने बताया कि कंपनी 40 दिन के अंदर पैसे नहीं देती तो ब्याज दर 12 प्रतिशत देनी होगी और न देने की सूरत में तीन साल की सजा एवं एक लाख रुपये जुर्मानें के देने होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**एलईडी वैन से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संदेश सुना**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

■ न्यू हाउसिंग बोर्ड और ग्वार फैक्ट्री क्षेत्र में पहुंची यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को शहर के न्यू हाउसिंग बोर्ड और ग्वार फैक्ट्री क्षेत्र में पहुंची। नागरिकों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश सुनाया गया, जिसमें नागरिकों ने बड़ी गौर से सुना। न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वार्ड 25 से पार्षद विनोद प्रजापति, समाज सेवी सुरेश सैनी,सीमा बंसल, प्रीतम रोहिल्ला, धर्मचंद मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देखे गए 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रमों में नागरिकों के पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी, आधार कार्ड, सरकार से संबंधित योजनाओं की समस्याओं का समाधान किया गया। शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्ट्रीट वेंडर, निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह बनाकर अपना स्वरोजगार शुरु करना, सही पोषण. देश रोशन, सखी वन स्टॉप सेंटर और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नागरिकों को घरों में गीला व सूखा कचरा अलग.अलग कर निस्तारण करने के बारे में जागरूक किया गया।



**भिवानी।** स्टॉलों पर जानकारी लेते लोग।

कार्यक्रमों में आयुष विभाग ने दवाई देने के साथ.साथ आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभाव व महत्व के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया। नागरिकों को बताया कि आयुष दवा बड़ी ही कारगर होती हैं और इनका शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों के लक्षण व इलाज के बारे में जानकारी दी। कल्याण विभाग ने उनके विभाग द्वारा संचालित छात्रवृति योजनाओं, अत्याचार निवारण व सहायता, मकान नवीनीकरण आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और गणमान्य नागरिकए विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संकल्प पुस्तकालय में पुस्तक मेला कल

**चरखी दादरी।** गांव सांवड में संचालित संकल्प पुस्तकालय में 26 जनवरी को पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। पुस्तकालय में कोई भी विद्यार्थी निःशुल्क पुस्तके प्राप्त कर सकता हैं। सेवा संकल्प संगठन के निदेशक जतिन गर्ग ने बताया कि गांव के बस स्टैंड पर जोगीपाना धर्मशाला के नजदीक संकल्प पुस्तकालय में समय-समय पर विशेष पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाता है, जिसमें विद्यार्थियों एवं युवावर्ग को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती है। बोर्ड परीक्षाओं के मध्यनजर एक बार फिर 26 जनवरी से तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी परीक्षाओं के मध्यनजर किसी भी पाठ्य सामग्री को प्राप्त कर सकते हैं।

